Live Hindustan

JPSC Civil Service examination process started

जेपीएससी ने 2016 सिविल सर्विसेस परीक्षा की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पहले से मिले रिक्त पदों के प्रस्ताव को रद्द कर फिर से नए रिक्त पदों का प्रस्ताव मांगा है। अब तक तीन विभागों से 252 पदों की अधियाचना मिल चुकी है। इसमें प्रशासनिक सेवा के 142, डीएसपी के छह और वाणिज्य कर सेवा के 104 पदों की अधियाचना शामिल हैं। अन्य विभागों से रिक्त पदों का ब्योरा भेजा जा रहा है।

जल्द निकलेगा विज्ञापन

2016 के लिए ली जाने वाली परीक्षा का विज्ञापन भी जल्द जारी किया जाएगा। जेपीएससी ने छठी सिविल सर्विसेस परीक्षा के लिए जो विज्ञापन जारी किया किया था, उसे नियमत: रद्द करने का अधिकार जेपीएससी को ही है। इस प्रक्रिया को भी जल्द पूरा किया जाएगा।

दो साल पहले शुरू की गई थी छठी जेपीएससी की प्रक्रिया

21 अगस्त 2014 से छठी सिविल सर्विसेस परीक्षा की प्रक्रिया शुरू की गई थी। सीसैट पेपर हटाने के बाद फिर से आठ नवंबर 2014 से प्रक्रिया शुरू की गई। फिर 17 अप्रैल 2016 को होने वाली पीटी भी स्थगित कर दी गई। 10 अगस्त 2016 को सरकार ने विज्ञापन रद्द करने का निर्णय लिया।